INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	Department: Hindi	Date -
Worksheet No: 9	Topic: वाक्य भेद और रूपांतरण	Note: Pl. file in portfolio

(क) रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए :-

१.जो कमाएगा,वह खाएगा । -

२.मैं ठीक समय पर पहुँच गया परंतु रमेश नहीं आया । -

३.जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं वे हमेशा सुखी रहते हैं ।-

४.वर्षा होने पर फ़सलें लहलहाने लगीं । -

५.इस संसार में दिखाई देनेवाली सभी चीज़ें नाशवान हैं । -

६.चोर ने सामान चुराया और भागा । -

७.आप ही हैं , जिनकी बात मैं मान सकता हूँ ।-

८.यही वह स्थान है , जहाँ कल दुर्घटना हुई थी ।-

९.जब तक डॉक्टर पहुँचा,रोगी मर चुका था ।-

१०.तुमने काम नहीं किया अतः पैसे नहीं मिलेंगे ।-

(ख) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :-

१.तेंदुए ने गाँव में घुसकर दो लोगों को घायल कर दिया । (संयुक्त वाक्य में)

____

२.अच्छे अंक लाने के लिए परिश्रम करो । (मिश्र वाक्य)

____

३.कुत्ता भौंका और सभी जाग गए । (सरल वाक्य में)

____

४.वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गई । (संयुक्त वाक्य में)

____

५.मैंने एक बीमार व्यक्ति को देखा । (मिश्र वाक्य में)

____

६.नीचे गिरते ही गिलास टूट गया । (संयुक्त वाक्य में)

____

७.बारिश हुई और हरियाली छा गई । (सरल वाक्य में)

___

८.किसान के बैल खूँटे से खुल गए और खेत में चरने लगे । (सरल वाक्य में)

___

९.विजय खाना खाकर काम पर गया । (संयुक्त वाक्य में)

___

१०.खरगोश घर में हैं और वे गाजर खा रहे हैं । (मिश्र वाक्य में)

___

११.उसने कहा कि वह स्कूल नहीं जाएगा । (प्रधान उपवाक्य छाँटिए)

___

१२.जब तुम मेरे घर आए तब मैं घर पर नहीं था । (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

___

१३.वही व्यक्ति उन्नति करता है जो परिश्रमी होता है ।(आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

___

१४.राजू ने कहा कि वह कल मुंबई जा रहा है । (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

___

१५. आपको वैसे करना चाहिए जैसे मैं कहता हूँ । (प्रधान उपवाक्य छाँटिए)

___